गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक–17.05.2011**

बिलासपुर : गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में दिनांक 17 मई, 2011 को इस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आर.के. सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने कहा कि इस दुखद घड़ी में विश्वविद्यालय परिवार अत्यन्त शोकाकुल है। प्रो. सिंह इस विश्वविद्यालय के दो बार कुलपति रहे। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को दुख सहन की शक्ति दे। शोक सभा में दो मिनट मौन रहकर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में उप कुलपति डॉ. पी. सी. उपाध्याय, कुलसचिव प्रो. एम.एस.के. खोखर, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एस. व्ही. एस. चौहान, प्रो. एस. एस. सिंह, प्रो. एस.पी. सिंह, प्रो. वी.एन. तिवारी, प्रो. ए.एस. रणदिवे, प्रो. हरीश कुमार, प्रो. ए.के. सक्सेना, डॉ. अनुपमा सक्सेना, डॉ. यू.एन. सिंह सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी आदि ने पूर्व कुलपति स्वर्गीय प्रो. सिंह के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किये।

मीडिया प्रभारी